FIROZABAD POLICE
सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

प्रेस नोट थाना उत्तर दिनांक 22-10-2024 जनपद फिरोजाबाद।

थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा कन्हैया की हत्या करने वाले 03 अभियुक्त आलाकत्ल सहित गिरफ्तार।

दिनांक 21-10-2024 को वादी अखिलेश पुत्र रामसनेही निवासी इन्द्रपुरी, मुर्गा वाली गली झील की पुलिया थाना उत्तर फिरोजाबाद द्वारा थाना उत्तर पर सूचना दी गयी कि वादी का छोटा भाई कन्हैया अपने दो दोस्तों अंशुल पुत्र कालीचरन व कुनाल पुत्र सुनील के साथ दो मोटर साइकिलों से झील की पुलिया से ककरऊ कोठी कि ओर जा रहे थे , तभी रास्ते मे गली नं0 5 झलकारी नगर के पास अजय कुमार पुत्र सन्तोष शराब के नशे में मोटर साइकिलों के आगे खडा हो गया और बोला तुझे यहाँ से निकलने नहीं दूंगा अगर जाना है तो शराब पिला इस बात का मेरे भाई और उसके दोस्तों ने विरोध किया तो अजय चिल्लाते हुए गली में घुसा और अपने साथियों (1) दाताराम पुत्र दुसासन (2) दीन दयाल पुत्र दुसासन (3) देशराज पुत्र बनवारी लाल (4) दुर्गेश उर्फ नेता जी पुत्र कुँवरपाल व कुछ अज्ञात व्यक्तियों के साथ लाठी, डन्डा, सरिया और धारादार हथियार लेकर आए और एक राय होकर जान से मारने की नीयत से घेरकर बुरी तरह मारना शुरू कर दिया और मरा हुआ समझ कर गाली गलौज करते हुए गली में भाग गए। इस घटना की सूचना मेरे भाई के दोस्तों ने दी तो मैं और मेरे घर वाले मौके पर पहुँचे वहाँ से मैं अपने भाई को उपचार हेतु अस्पताल ले जाने लगा कि रास्ते में मेरे भाई कन्हैया की मृत्यु हो गयी। वादी की तहरीर के आधार पर थाना उत्तर पर मु0अ0सं0 698/2024 धारा 191(2),191(3),190,115(2),352,126(2),103(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित द्वारा नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में 03 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। गठित पुलिस टीम द्वारा कन्हैया पुत्र रामसनेही नि0 इन्द्रपुरी मुर्गा वाली गली झील की पुलिया थाना-उत्तर फिरोजाबाद की हत्या करने वाले अभियुक्तगण 1.अजय कुमार पुत्र सन्तोष निवासी झलकारी नगर गली न0 5 थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद उम्र 32 वर्ष 2.देशराज पुत्र बनवारी लाल निवासी निवासी ग्राम ककरऊ थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद हाल निवासी झलकारी नगर गली न0 5 थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद उम्र 36 बर्ष को दिनांक 21.10.2024 को बैंदी की पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त 3. दाताराम पुत्र दुशासन निवासी झलकारी नगर गली नं0- 05 थाना उत्तर जिला फिरोजाबाद उम्र करीब 40 वर्ष को दिनांक 22.10.2024 को झील की पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त दाताराम की निशांदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल एक अदद लोहे की सरिया ग्राम ककरऊ गांव में बने सरकारी स्कूल के पास झाडियों में से बरामद किया गया। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगणः-

1. अजय कुमार पुत्र सन्तोष निवासी झलकारी नगर गली न0 5 थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद उम्र 32 वर्ष
2. देशराज पुत्र बनवारी लाल निवासी निवासी ग्राम ककरऊ थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद हाल निवासी झलकारी नगर गली न0 5 थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद उम्र 36 बर्ष
3. दाताराम पुत्र दुशासन निवासी झलकारी नगर गली नं0- 05 थाना उत्तर जिला फिरोजाबाद उम्र करीब 40 वर्ष

अपराधिक इतिहास अभियुक्त देशराज –

1-मु0अ0सं0 480/2019 धारा 366/504/506 थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।

2-मु0अ0सं0 165/2022 धारा 147/323/336/376/506 व 3/4 पोक्सो एक्ट थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।

3-मु0अ0सं0 344/2022 धारा 147/323/506 थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।

4-मु0अ0सं0 698/2024 धारा 191(2),191(3),190,115(2),352,126(2),103(1) बीएनएस थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।

बरामदगी का विवरण –

1. एक अदद आला कत्ल (लोहे की सरिया)

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री राजेश कुमार पाण्डेय थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
2. निरीक्षक अपराध श्री ज्ञानेन्द्र सिंह सोलंकी थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
3. व0उ0नि0 श्री बृज किशोर सिंह थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
4. उ0नि0 श्री विनय कुमार चौ0प्र0 ककरऊ कोठी थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
5. उ0नि0प्र0 जसवन्त सिंह थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
6. है0का0 636 सतीश शर्मा थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
7. है0का0 77 कोमल सिंह थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
8. का0 363 देवेन्द्र सिंह थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
9. का0 1291 प्रवीन चट्टा थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।